# मध्यप्रदेश विधान सभा

## फरवरी–मार्च, 2000 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

**सोमवार, दिनांक 6 मार्च, 2000 (फाल्गुन 16, 1921)**

**समय 10.30 बजे दिन**

### 1. शपथ/प्रतिज्ञान

उप चुनाव में निर्वाचित निम्नलिखित सदस्य शपथ लेंगे/प्रतिज्ञान करेंगे, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर करेंगे और सभा में अपना स्थान ग्रहण करेंगे :-

(1) श्रीमती शबनम मौसी;
(2) श्री अमितेश शुक्ल;
(3) श्री नरेश सराफ; तथा
(4) श्री नरेश सिंह पटेल.

### 2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री सत्यनारायण शर्मा, विधि और विधायी कार्य मंत्री –

(क) संसद के दोनों सदनों द्वारा संविधान (चौरासीवां संशोधन) विधेयक, 1999 पारित किये जाने से संबंधित लोक सभा एवं राज्य सभा की कार्यवाहियां और उक्त संशोधन के अनुसमर्थन के लिये प्राप्त राज्य सभा सचिवालय की सूचना,

(ख) मध्यप्रदेश विधान सभा सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन अधिनियम, 1972 (क्रमांक 7 सन् 1973) की धारा 9 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार संसदीय कार्य विभाग की अधिसूचना क्रमांक 47-एक (2) 3-अड़तालीस-98 (सं.का.), दिनांक 11 जनवरी, 2000, तथा

(ग) मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995) की धारा 16 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार वाणिज्यिक कर विभाग की अधिसूचना क्रमांक ए-3-10-2000-विक-पांच (8), दिनांक 21 जनवरी, 2000,

पटल पर रखेंगे.

(2) श्री रत्नेश सॉलोमन, वन मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड का 22 वॉं वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखे वर्ष 1996-97, पटल पर रखेंगे.

(3) श्री अजय सिंह, संस्कृति मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश फिल्म विकास निगम मर्यादित (परिसमापनान्तर्गत) का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1998-99 (दिनांक 1.4.98 से दिनांक 18.1.99), पटल पर रखेंगे.

### 4. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, सदस्य, शहडोल जिले में स्थित नर्मदा उद्‌गम स्थल का रख-रखाव न होने से उत्पन्न स्थिति की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री जुगुल किशोर बागरी, सदस्य, सतना जिले की ग्राम पंचायत पोड़ी के सरपंच की हत्या होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 5. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 26-शिवपुरी की सदस्य, श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया को फरवरी-मार्च, 2000 सत्र की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

### 6. वर्ष 1999-2000 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन

श्री अजय मुशरान, वित्त मंत्री, वर्ष 1999-2000 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन करेंगे.

## 7. लोक लेखा, प्राक्कलन तथा सरकारी उपक्रमों संबंधी समितियों के लिए निर्वाचन

श्री अजय मुशरान, वित्त मंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

"सभा के सदस्यगण, मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम 221 के उपनियम (3), 223 के उपनियम (2) तथा 223-ख के उपनियम (1) के द्वारा अपेक्षित रीति से वित्तीय वर्ष 2000-2001 के लिए क्रमशः लोक लेखा, प्राक्कलन तथा सरकारी उपक्रमों संबंधी समितियों के सदस्य होने के लिए अपने में से 15-15 सदस्यों के निर्वाचन के लिए अग्रसर हों."

## 8. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति के लिए निर्वाचन

श्रीमती उर्मिला सिंह, आदिम जाति कल्याण मंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगी :-

"सभा के सदस्यगण, मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम 234-ख के उपनियम (1) के द्वारा अपेक्षित रीति से वर्ष 2000-2001 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति के सदस्य होने के लिये अपने में से 20 सदस्यों के निर्वाचन के लिए (जिसमें क्रमशः पांच-पांच सदस्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा शासन द्वारा अधिसूचित पिछड़े वर्ग के होंगे) अग्रसर हों."

## 9. वर्ष 2000-2001 की अनुमानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)

| निर्धारित समय | | मांग | विषय |
|---|---|---|---|
| 2 घन्टे | (1) | मांग संख्या-24 | लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल |
| | | मांग संख्या-42 | आदिवासी क्षेत्र उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल |
| | | मांग संख्या 43 | खेल और युवक कल्याण |
| | | मांग संख्या-67 | लोक निर्माण कार्य-भवन |
| | | मांग संख्या-68 | आदिवासी क्षेत्र उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य-भवन |
| | | मांग संख्या-76 | लोक निर्माण विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं. |
| 1 घन्टा 30 मि. | (2) | मांग संख्या-07 | वाणिज्यिक कर विभाग से संबंधित व्यय |
| | | मांग संख्या-28 | राज्य विधान मण्डल |
| | | मांग संख्या-29 | न्याय प्रशासन एवं निर्वाचन. |
| 1 घन्टा 30 मि. | (3) | मांग संख्या-19 | लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण |
| | | मांग संख्या-61 | लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं |
| | | मांग संख्या-62 | चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं |
| | | मांग संख्या-79 | चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित व्यय. |
| 2 घन्टे | (4) | मांग संख्या-15 | अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजनान्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता |
| | | मांग संख्या-26 | संस्कृति विभाग से संबंधित व्यय |
| | | मांग संख्या-30 | पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित व्यय |
| | | मांग संख्या-37 | पर्यटन |
| | | मांग संख्या-59 | ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं |
| | | मांग संख्या-80 | त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता |
| | | मांग संख्या-82 | आदिवासी क्षेत्र उपयोजना के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता. |
| 30 मि. | (5) | मांग संख्या-14 | पशुपालन विभाग से संबंधित व्यय |
| | | मांग संख्या-16 | मछली पालन |
| | | मांग संख्या-51 | धार्मिक न्यास और धर्मस्व |
| | | मांग संख्या-71 | पशुपालन विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं. |
| 1 घन्टा | (6) | मांग संख्या-05 | जेल |
| | | मांग संख्या-49 | अनुसूचित जाति कल्याण |
| | | मांग संख्या-64 | अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना. |
| 1 घन्टा 30 मि. | (7) | मांग संख्या-27 | स्कूल शिक्षा. |

भोपाल :
दिनांक : 5 मार्च, 2000

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा